‘शिक्षा केंद्रों के निकट छेड़छाड़ की घटनाएं न हों, महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गंभीर रहें’

# बेहतर कानून व्यवस्था के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी रहें मुस्तैद : डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर आरक्षक स्तर तक सभी पुलिस कर्मियों को सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय में गृह विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि बदलते समय की चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस बल को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे और अपराध अन्वेषण कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के उपाय किए जाएंगे। बैठक में अपराधों की जांच करने वाले विवेचना अधिकारियों को विशेष अन्वेषण भत्ता देने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि अन्य राज्यों की व्यवस्थाओं का अध्ययन किया गया है और मध्यप्रदेश में भी इस दिशा में गंभीरता से विचार किया जा रहा है। अपराध स्थल तक त्वरित पहुंच, साक्ष्य संकलन, डिजिटल रिकॉर्डिंग, गवाहों और पीड़ितों से जुड़ी प्रक्रियाओं में होने वाले खर्च को देखते हुए यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



मुख्यमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि शिक्षा संस्थानों के आसपास छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने भू-माफिया, संगठित अपराधियों और नशे के कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखने को भी कहा। अपराधियों की संपत्तियों की कुर्की और मुखबिर तंत्र को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए विशेषज्ञों और आईटी सलाहकारों की सेवाएं लेने पर भी विचार किया गया। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों के उपयोग से अपराध नियंत्रण और जांच प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने भीड़ प्रबंधन, यातायात, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से जुड़ी स्थायी अधोसंरचना विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों के आवास, सड़क सुरक्षा अभियान, हेलमेट जागरूकता और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता भी रेखांकित की। बैठक में गृह विभाग की विभिन्न उपलब्धियों और नवाचारों की समीक्षा करते हुए प्रदेश को सुरक्षित, तकनीक-सक्षम और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के संकल्प को दोहराया गया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नरेला में महा-जनसंपर्क अभियान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में ‘विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष’ महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नरेला विधानसभा क्षेत्र में मध्यप्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में व्यापक जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के तहत श्री सारंग ने विभिन्न बूथों पर पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद किया और केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं तथा उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं।

मंत्री ने घर-घर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन और अमृत 2.0 जैसी योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों को उनके लाभों से अवगत कराया।

इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया गया, जहां पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविरों में सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, बीमा और पेंशन से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। श्री सारंग ने कहा कि यह अभियान विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाल श्रम से मुक्त समाज बनाने का प्रदेशवासियों से किया आह्वान

***नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ‘विश्व बालश्रम निषेध दिवस’ पर प्रदेशवासियों से बाल श्रम से मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों के माथे पर बोझ अच्छा नहीं लगता, बच्चों के हाथों में कलम-किताब ही शोभा देते हैं। खुशहाल बचपन और शिक्षा उनका अधिकार है। हमारी सरकार बच्चों के हितों और शिक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।*

## सीएम ने वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र अध्वर्यु के निधन पर दुख व्यक्त किया

***नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुंदेलखंड के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र अध्वर्यु के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि अध्वर्यु ने आंचलिक पत्रकारिता को नई ऊंचाई प्रदान की तथा ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रखरता से उठाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।*

## पेड़ गिरने से यातायात हुआ प्रभावित...



**भोपाल :** एमपी नगर जोन-1 स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में शुक्रवार को तेज हवा चलने के कारण एक बड़ा पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया, जिससे इलाके में यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। पेड़ गिरने से सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## स्व. रूपाणी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता विजय रुपाणी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि शांत, सौम्य और कर्मनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी ने गुजरात की विकास यात्रा को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उनका व्यक्तित्व और योगदान नि:स्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता रहेगा।

# श्रद्धालुओं की आस्था और जनकल्याण का संगम बनी मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना के तहत नरेला विधानसभा क्षेत्र के चयनित श्रद्धालुओं को 13 से 18 जून तक पवित्र वैष्णो देवी धाम की तीर्थ यात्रा पर भेजा जाएगा। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने लाभार्थियों को यात्रा टिकट वितरित किए और उन्हें सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

श्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से उन्हें देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों की नि:शुल्क यात्रा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अनेक श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी इच्छा होती है कि वे धार्मिक स्थलों के दर्शन करें, लेकिन आर्थिक कारणों से यह संभव नहीं हो पाता। यह योजना ऐसे श्रद्धालुओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बनी है, जिसमें यात्रा, भोजन, आवास, चिकित्सा और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था सरकार द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

यात्रा की सभी तैयारियां प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालु 13 जून को रवाना होकर 18 जून को वापस लौटेंगे। पूरे सफर के दौरान आवागमन से लेकर ठहरने तक की सभी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसी भी यात्री को असुविधा न हो।

लाभार्थियों ने सरकार और मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनके जीवन के धार्मिक सपने को पूरा करने का अवसर दिया है। उन्होंने इसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी पहल बताया।

## निज संपदा से समृद्ध पंचायतों को अधिक भागीदारी और पर्यावरण पुनरुद्धार को प्राथमिकता देने पर जोर, जयभान सिंह पवैया ने की समीक्षा बैठक

***नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः*** *मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर खनिज संपदा से प्रभावित क्षेत्रों के विकास, स्थानीय निकायों की भागीदारी और पर्यावरण पुनरुद्धार पर विशेष जोर दिया। बैठक में आयोग के सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे। श्री पवैया ने कहा कि खनन गतिविधियों से प्रभावित पंचायतों को खनिज राजस्व में अधिक प्रभावी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, ताकि स्थानीय समुदायों को विकास का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिला खनिज निधि का उपयोग केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित न रहकर पर्यावरण सुधार, हरित आवरण विस्तार और जल संरक्षण जैसे कार्यों में भी किया जाना चाहिए। बैठक में खनिज विभाग के अधिकारियों ने राज्य में खनिज राजस्व की स्थिति, वसूली प्रक्रिया और जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि के उपयोग की जानकारी प्रस्तुत की। अधिकारियों ने बताया कि यह निधि प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं और सामाजिक विकास के लिए उपयोग की जा रही है। श्री पवैया ने कहा कि खनिज क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसके साथ पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय हितों का संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की भूमिका को मजबूत करने पर भी बल दिया।*

## क्रेडिट कार्ड आवेदन संग्रहण में मध्यप्रदेश देश में द्वितीय स्थान पर

**भोपाल** । नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में क्रेडिट कार्ड आवेदन संग्रहण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक क्रेडिट कार्ड आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजे जा चुके हैं, जिनमें से 900 से अधिक आवेदनों का सत्यापन हो चुका है तथा 500 से अधिक क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को और अधिक गति देने के लिए नगरीय निकायों में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

# जन चौपाल, स्वच्छता और पौधरोपण कार्यक्रमों ने पूरे क्षेत्र में दिया सकारात्मक संदेश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित आनंद नगर के बड़ा पार्क माता मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम के दौरान जन चौपाल लगाकर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चल रहे राष्ट्रव्यापी महाअभियान के तहत आयोजित किया गया।

जन चौपाल के दौरान नागरिकों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने त्वरित समाधान और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और वे क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।



रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह मंत्री ने बड़ा पार्क स्थित जिम में स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इसके बाद उन्होंने पार्क एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

मंत्री श्री तोमर ने ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का प्रतीक है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है।

इस अवसर पर मंत्री ने स्थानीय नागरिकों के साथ क्रिकेट खेलकर भी सहभागिता दिखाई, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम जनता से जुड़ाव बढ़ाने के साथ ही सामाजिक सरोकारों को मजबूत करते हैं।

मोहन सरकार का बड़ा कर्मचारी हितैषी फैसला

# 34 कर्मचारियों को मिला स्थायी कर्मी का दर्जा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने कर्मचारी कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य एवं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोगों में कार्यरत 34 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को ‘स्थायी कर्मी’ का दर्जा प्रदान करने की अनुमति दी है। इस फैसले को कर्मचारी हित में बड़ा कदम माना जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के प्रयासों से यह निर्णय लिया गया, जिसके तहत वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा और स्थायित्व प्रदान किया गया है। इसमें 29 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और 5 ऑफिस मोहर्रिर-सह-डिस्पेचर शामिल हैं।

सरकार ने इस मामले को विशेष परिस्थितियों वाला मानते हुए ‘वन टाइम रिलेक्सेशन’ प्रदान किया है, जिससे 16 मई 2007 के बाद नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी का लाभ मिल सके। यह निर्णय मंत्रि-परिषद की बैठक में 9 जून 2026 को मंजूरी के बाद लागू किया गया। विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं, जिसके तहत कर्मचारियों को अब नियमानुसार वेतन, वित्तीय लाभ और सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त होंगी। इससे लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य को स्थिरता मिलेगी। सरकार ने कहा कि यह कदम कर्मचारी हितों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और संवेदनशील प्रशासन का प्रतीक है।

## मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध शास्त्रीय नर्तक डॉ. पुरू दाधीच को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कत्थक नृत्य की ‘दाधीच शैली’ के प्रवर्तक और ‘पद्म श्री’ से सम्मानित डॉ. पुरु दाधीच को ‘संगीत नाटक अकादमी रत्न’ से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. दाधीच ने भारत की शास्त्रीय नृत्य परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद स्व. वर्मा की जयंती पर किया नमन

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ राजनीतिज्ञ और पूर्व सांसद स्व. फूलचंद वर्मा की जयंती पर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि स्व. वर्मा ने पूर्ण समर्पण और लगन के साथ राजनैतिक जीवन में जनता की सेवा की।

# पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग ठगी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**▸▸ 10 लाख की राशि बरामद कर पीड़ित को लौटाई**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नरसिंहपुर पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर हुई 10 लाख रुपये की साइबर ठगी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और पूरी राशि बरामद कर पीड़ित को वापस दिलाई है। यह कार्रवाई साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। गाडरवारा निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि फेसबुक पर एक विज्ञापन के माध्यम से उसे ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का प्रलोभन दिया गया। इस झांसे में आकर उसने विभिन्न किश्तों में 10 लाख रुपये निवेश कर दिए, लेकिन न तो उसे कोई लाभ मिला और न ही राशि वापस हुई। शिकायत पर थाना गाडरवारा में मामला दर्ज कर साइबर सेल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। तकनीकी जांच, बैंक ट्रांजेक्शन और डिजिटल विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई और उन्हें महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पूरी 10 लाख रुपये की ठगी गई राशि बरामद कर पीड़ित को लौटा दी। आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऑनलाइन निवेश और अधिक लाभ के लालच वाले विज्ञापनों से सावधान रहें।

**तीखा हमला** *कांग्रेस की महिला विरोधी नीतियों के कारण मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त हुआ*

# कांग्रेस का ‘नारी सम्मान’ केवल नारा है, आचरण हमेशा महिला विरोधी रहा

- **कांग्रेस ने दो महिलाओं के साथ छल किया, एक तेलंगाना की कार्यकर्ता, दूसरी मीनाक्षी नटराजन**
- **कांग्रेस नेताओं के षड्यंत्र के कारण निरस्त हुआ मीनाक्षी नटराजन का नामांकन-पत्र**
- **कांग्रेस नेता नहीं चाहते थे कि एक महिला राज्यसभा पहुंचे, इसलिए षड्यंत्र कर जानकारी छिपाई**
- **भाजपा हमेशा से निर्वाचन की संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करती आ रही है : कृष्णा गौर**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार-वार्ता में कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का ‘नारी सम्मान’ केवल एक नारा है और उसका आचरण हमेशा महिला विरोधी रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और कार्यशैली के कारण ही मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त हुआ है, जो इस बात का प्रमाण है कि पार्टी में महिलाओं के प्रति सम्मान का अभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने जानबूझकर तथ्य छिपाए, जिसके चलते यह स्थिति बनी। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी ही दो



महिला कार्यकर्ताओं के साथ छल किया है, जिनमें एक तेलंगाना की कार्यकर्ता और दूसरी मीनाक्षी नटराजन हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला कार्यकर्ता के शोषण के मामले में कांग्रेस ने कोई कार्रवाई नहीं की, और उसी प्रकरण में कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ी। श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई गई थी, जिसके कारण उनका नामांकन निरस्त हुआ। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि कोई महिला राज्यसभा तक न पहुंच सके। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस लगातार भाजपा पर झूठे आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करती है और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ‘नारी शक्ति वंदन अधिनियम’ लागू कर संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस का वास्तविक चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है और उसकी महिला विरोधी राजनीति उजागर हो चुकी है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com